# सूचना

## स्नातक में पंजीकरण हेतु सूचना (24 मई 2025 से 30 जून 2025)

### पंजीकरण लिंक - https://ukadmission.samarth.ac.in/

कुमाऊं विश्विद्यालय-नैनीताल, श्रीदेव सुमन विश्विद्यालय-गढ़वाल एवं सोबन सिंह जीना विश्विद्यालय-अल्मोड़ा एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रवेश (सत्र - 2025 -26) हेतु, समर्थ प्रवेश पंजीकरण पोर्टल दिनांक **24 मई, 2025** से खोला जा रहा है सभी छात्रों को प्रवेश पंजीकरण हेतु दोनों चरणों को पूर्ण करना अनिवार्य है -

> **प्रथम चरण में** - सभी छात्र अपने स्वयं के ईमेल एवं मोबाइल नम्बर को पंजीकृत करते हुए प्रोफाइल पूर्ण करेंगे एवं आवश्यक शुल्क 50 रूपये का भी भुगतान करेंगे ।
>
> **द्वितीय चरण में** - सभी छात्र समर्थ पोर्टल में पुनः लॉगिन करते हुए **(01 जून 2025 से 30 जून 2025 के मध्य में )** अपना विश्विद्यालय, महाविद्यालय एवं प्रोग्राम सेलेक्शन करना सुनिश्चित करेंगे (10 महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन) तथा प्रिंटआउट सुरक्षित रखेंगे।

**नोट** -

1 - **सभी छात्रों को दोनों चरणों में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर फॉर्म पूर्ण करने होंगे, तभी छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु पात्र होंगे।**

2 - समर्थ टीम देहरादून द्वारा समय समय पर आपको प्रवेश सूचनार्थ ईमेल प्रेषित करेंगी जिसका अनुपालन सभी छात्रों को करना अनिवार्य है (**कृपया समय समय पर अपना ईमेल चेक करते रहे**), तथा समस्त प्रवेश सम्बंधित विश्विद्यालय प्रवेश नियमावली के अनुसार ही किये जायेंगे।

3 - प्रवेश के समय आपको अपना मूल पंजीकरण फॉर्म एवं सभी मूलप्रमाणपत्रो सहित महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा। **(जिसकी सूचना आपको पृथक से दी जाएगी)**

4 - स्नातक में प्रवेश पंजीकरण हेतु इस सूचना को सभी के मध्य प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी छात्र प्रवेश से वंचित न रह जाये।

**सादर**

समर्थ टीम

देहरादून